## एक नजर में

### पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन – पुलिस लाइन कनावटी में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित




**नीमच।** मंगलवार को पुलिस लाइन कनावटी स्थित शहीद स्मारक पार्क में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पण एवं पुलिस स्मृति परेड का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। यह दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को उन 10 भारतीय पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है, जो वर्ष 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए थे।इस अवसर पर देशभर में अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी जाती है।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने वर्ष 2024-25 के दौरान देशभर में शहीद हुए 191 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात परेड दल द्वारा शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर (सलामी) दी गई तथा स्मृति परेड मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा, विधायक दिलीप सिंह परिहार, एस.पी. अंकित जायसवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति स्वाती चौपड़ा, सीएसपी सुश्री किरण चौहान, एसडीओपी जावद रोहित राठौर, डीएसपी महिला प्रकोष्ठ सुश्री निकिता सिंह, रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों के अमर बलिदान को नमन किया। समारोह के दौरान वातावरण में देशभक्ति की भावना एवं शहीदों के प्रति सम्मान की गूंज सुनाई दी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नीमच।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को सिटी थाना क्षेत्र के जावद चौराहा पर एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार युवक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल राहगीरों की सूचना पर नया गांव टोल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान आयुष पिता भरत सिंह जायसवाल उम्र 18 वर्ष निवासी अमर कॉलोनी थाना बघाना के रूप में हुई है। बताया गया कि आयुष किसी कार्य से कहि जा रहा था, तभी जावद चौराहा पर अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आयुष सड़क पर जा गिरा और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी जिसे जिला अस्पताल लाया गया। जहा चिकित्सकीय परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कम्प्यूटराइज अकाउंटिंग का फ्री प्रशिक्षण 29 से

**नीमच।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कम्प्यूटराइज अकाउंटिंग का फ्री प्रशिक्षण 29 अक्टूबर से शुरू करेगा। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल के युवक-युवतियों जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं कम से कम 10वीं पास हो उनको मिलेगा।

### कलेक्टर ने निवास पर की गोवर्धन पूजा



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के अपने शासकीय आवास पर शनिवार को गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किया। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने अपने परिवार जनों के साथ विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। इस अवसर पर कलेक्टर एवं परिवार जनों ने गौ पूजन भी किया और गाय माता को अपने हाथों से गो ग्रास भी खिलाया। गोवर्धन पूजा वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि विधान से प. रमेश बैरागी एवं विशाल बैरागी ने सम्पन्न करवाई। इस मौके पर एसडीएम संजीव साहू, तहसीलदार संजय मालवीय, यशपाल मुजाल्दा,एवं सहायक संचालक जनसम्पर्क जगदीश मालवीय भी उपस्थित थे।

### पटाखे और मिठाइयां उपहार मिलते ही आंगनबाड़ी बच्चों के खिल उठे चेहरे



**नीमच।** दीपोत्सव पर धन और वैभव की दात्री महालक्ष्मी का पूजन सोमवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ शुभ मुहूर्त में विधि-विधान पूर्वक मनाया गया। नीमच से छः किलोमीटर दूरी पर स्थित झांझरवाडा और धामनिया गांव की आंगनबाड़ी केंद्र पर पूर्व सेक्टर चीताखेड़ा पर्यवेक्षक एकता प्रेमी अपने परिवार के साथ पहुंची और आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों के साथ मनाई दीपावली। दीपावली पर्व पर आंगनबाड़ी बच्चों को मिठाई और पटाखे फूलझड़ी, जमीन चक्री,अनार आदि उपहार के रूप में वितरण किए। जैसे ही बच्चों को दीपावली पर्व का उपहार मिला तो सभी के चेहरे फूलझड़ी की तरह खुशियों से झूम उठे। दीपोत्सव की प्रशंसा हर एक चेहरे पर झलक उठी।

### विधायक मारू ने किया गौ माता का पूजन



**नीमच।** विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू ने गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर बुधवार को मनासा स्थित गोवर्धन गौशाला में गौमाता का पूजन किया। गोवर्धन पूजा का यह पुनीत पर्व, उत्सव प्रकृति, अन्न और गौसेवा के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती किरण आंजना, जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। गौमाता की आरती कर गौसेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर गौ माता को गो ग्रास भी खिलाया गया।

# अनाज दुकान में आग से 9 लाख 16 हजार का नुकसान

▶ **66 बोरी अश्वगंधा औषधी जलकर खाक, तुलसी बीज भी खराब, पुलिस में प्रखंड दर्ज जांच प्रारंभ**

**नीमच। मंगलवार को महू रोड स्थित सांवरिया ट्रेडर्स अनाज की दुकान पर शाम 7 बजे अचानक आग लगने से 8 लाख का असगंध जलकर खाक हो गया। पानी से कई प्रकार के बीज भी आग जलने की घटना की भेंट चढ़ गए।**

दुकान संचालक विजयपाल सिंह पिता नाथू सिंह राजपूत निवासी ग्राम लॉन्छ तहसील जीरन जिला नीमच ने बताया कि वह मंगलवार को दोपहर 3 बजे महू रोड स्थित सांवलिया ट्रेडर्स अनाज की दुकान पर लक्ष्मी पूजन कर अपने गांव लॉन्छ के लिए प्रस्थान कर गए थे तभी शाम 7 बजे अचानक पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली कि आपकी दुकान में आग लग गई है। दुकान के पीछे की तरफ मोती नगर में रहने वाले पड़ोसी गणेश माली बाबूलाल माली एंव राजू शर्मा आदि पड़ोसियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना प्रेषित की और शटर का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था।तब फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड द्वारा आग जनी वाले घटना स्थल पर पहुंचकर पानी से आग बुझाने का कार्य प्रारंभ कर दिया था करीब आधे घंटे में आग पर नियंत्रण कर लिया गया था।

आग लगने से लाइट बोर्ड बिजली का मीटर और वायरिंग भी आग की भेंट चढ़ गई थी। रात्रि 10 बजे बाद फिर अचानक आग की चिंगारी फैली और आग लग गई तभी वापस पड़ोसियों द्वारा सूचना दी। दूसरी बार पड़ोसियों के पानी के टैंकर से ही वापस आग बुझाई गई। आज की लपटे इतनी तेज थी की दुकान में 60 फीट दूर दरवाजे के पास काउंटर पर रखें कैलकुलेटर तक जल गया। आग लगने से कैलकुलेटर ,वीडियो कैमरा और इलेक्ट्रिक लाइट बोर्ड सभी जलकर खाक हो गए। दुकान संचालक विजयपाल पिता नाथू सिंह सिंह शक्तावत राजपूत ने बताया कि असगंध का मूल्य 8 लाख 4140रु, सियाचिन का मूल्य 56700 तुलसी बी का मूल्य 15410 कुसुम 2250 पापड़ा 35हजार असालिया 2800 इस प्रकार कुल नुकसान 916300 का हुआ।



16800 मूल्य का वीडियो कैमरा8000 मूल्य की लाइट फिटिंग भी जलकर खाक हो गई।फायर ब्रिगेड द्वारा पानी का प्रेशर छोड़ा गया उसे पानी से तुलसी बीज कुसुम बीज पानी लगने से खराब हो गया। घटना के बारे में जानकारी ली गई तो सभी पड़ोसीयों ने कहा कि हमें जानकारी नहीं है कि आग किस कारण से लगी है। घटना की प्राथमिक सूचना रिपोर्ट कैंट थाना को प्रेषित की गई है।कैंट थाना पुलिस में 22 अक्टूबर 2025 कोआग हादसा पंजीकरण क्रमांक 21369053250007 पर प्राथमिक की दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई और डीवी आर विडियो पुलिस ने प्राप्त कर जांच प्रारंभ कर दी है।



## श्रीकृष्ण गोशाला में गोवर्धन पूजा महापर्व मनाया

▶ **गौ माता को 116 किग्रा दलिये का आहार कराया**

**मन्दसौर।** श्री कृष्ण गौशाला भालोट में गोशाला समिति द्वारा दीपावली की रात्रि में गो माता को मेहंदी लगाकर रात में गो माता के लिए रात्रि में 116 किग्रा के दलिए का भोग बनाया गया जिसे सुबह ही गो माता व गोवर्धन पूजा कर गो माता को आहार कराया गया। जहां गौ माता पूजन में जनपद पंचायत से गेंदालाल उपाध्याय एपीओ, ग्राम पंचायत भालोट सरपंच नानालाल कुमावत, डॉ. शंभूसिंह कुशवाह, सचिव गजेंद्र सिंह, सहसचिव अब्दुल हकीम, गोशाला अध्यक्ष राजू ढोला, गोशाला सचिव व विश्वहिंदू परिषद् गो रक्षा प्रमुख गोपाल गुंगावण, प्रखंड अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, हर्ष कोठारी, राकेश विश्वकर्मा, राजू टांका, दशरथ कुमावत उपस्थित रहे। अंत में गोपाल गुंगावण द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## श्री गोपाल गोशाला संधारा में धूमधाम से हुई श्री गोवर्धन एवं गो-धन पूजा

**संधारा। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम संधारा स्थित श्री गोपाल गोशाला में ग्राम पंचायत संधारा द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में गोवर्धन पूजा एवं गो-धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम की शुरुआत में गांव की माता-बहनों ने गोबर से भगवान श्री गोवर्धन की प्रतिमा बनाई और विधिविधान से पूजन कर मंगल गीत गाए। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच चांदमल पाटीदार ने अपनी धर्मपत्नी के साथ आरती की। सरपंच, सचिव शोभाराम मेघवाल, पंचगण एवं गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने गोमाताओं की पूजन-अर्चना की। इस दौरान गोमाताओं को रंग-बिरंगी छड़ियाँ बांधी गईं, मेहंदी लगाई गई और हरी घास व गुड़ का भोग लगाया गया। उपस्थित जनों ने गोमाता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया और गोमाता की जय के जयकारे लगाए।



पूजन कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन में भाग लेने वाली सभी माताओं एवं बहनों को उपहार स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सरपंच चांदमल पाटीदार, सचिव शोभाराम मेघवाल, पंच मुकेश माली, मुकेश वैष्णव, प्रतिनिधि कनीराम धाकड़, गोपाल ठाकुर, विजय प्रजापति, अशोक शर्मा, शिक्षक रामसिंह धाकड़, जोधराज नागर, मनोहरलाल पाटीदार, नंदलाल पाटीदार, मोतीलाल पाटीदार, रामनारायण पाटीदार, प्रभुलाल धाकड़, उदयराम पाटीदार, गौभक्त मोनु पाटीदार, राजेश द्विवेदी, दीपक अहीर, हितेश बागड़ी, सुरेश पाटीदार, कन्हैयालाल माली, पुरीलाल माली, पवन राठौड़, ललित नागर, फूलचंद मेघवाल, नरेंद्र बंजारा, हरलाल बंजारा, भगवान गुर्जर, नारायण गुर्जर, भारतराम मेघवाल, विनोद मेघवाल, घनश्याम शर्मा, संमत खेड़ी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गांव के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग रहा। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उमंग और भक्ति का वातावरण छाया रहा।

## दीपावली पर्व पर घर-घर रंगोली, पूजा-पाठ का आयोजन

**नाहरगढ।** दीपावली का पावन पर्व धन तेरस, रुप चौदस व लक्ष्मी पूजन एवं गोवर्धन पूजा की शाम को बैल पूजन हुआ। नगर में महिलाओं द्वारा गोवर्धन बावजी की स्थापना कर पूजा की गई तथा सभी के लिए स्वस्थ, स्वच्छ व समृद्धि की कामना की एवं श्री दूधेश्वर गुरु कमल गौशाला में गौ माता की पूजन कर 2 क्विंटल गुड़ की लापसी एवं गौ माता को जलेबी खिलाकर गोवर्धन पूजन किया गया। दीपावली पर्व पर घर-घर लक्ष्मी पूजन, रंगोली, विधुत सजावट के साथ एक दिन पहले गौ माता को मेहंदी लगाकर निहलाया व धुलाया जाता है।

बुधवार सुबह सभी गौ माता को फुंदे बांधे गए उसके बाद भागवत आचार्य प सुनील शर्मा ने गौ माता की पूजन करवाई गौशाला के अध्यक्ष रामकृष्ण सिंह मंडलोई एवं समिति के सदस्य व नगर वासियों द्वारा गौ माता का पूजन किया गया। इसके पश्चात गौ माता को लापसी खिलाई गई इस अवसर पर पंडित दामोदर शर्मा, मनीष शर्मा, आशुतोष, नरेंद्र शर्मा, भंवर दास बैरागी, संजय सुराणा, रजनीश जैन, महेंद्र सेठिया सहित अनेक उपस्थित थे।




## दीपावली मन का कचरा साफ करने का पर्व

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** ग्राम बही पार्श्वनाथ स्थित सम्मेद शिखरजी तीर्थ परिसर में आयोजित उपधान तप महोत्सव के दौरान आचार्य निपुणरत्नविजय मसा ने आराधकों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली से पहले लोग घर-आँगन की साफ-सफाई और सजावट में पूरा समय लगा देते हैं, लेकिन मन के कचरे को हटाने की ओर ध्यान नहीं देते। सही मायने में दीपावली मन के अंधकार को दूर कर आत्मा में प्रकाश भरने का पवित्र पर्व है। आचार्य ने कहा कि दीपावली प्रकाश का त्यौहार है, जिस प्रकार हम बाहरी दीपक जलाते हैं, वैसे ही अपने भीतर ज्ञान रूपी दीप जलाकर अज्ञान के अंधकार को दूर करना चाहिए। भगवान महावीर ने सोलह प्रहर की देशना में जीवन से अंधकार मिटाने के उपाय बताए हैं। दीपावली पर भगवान के समक्ष अर्पित निर्माण लड्डू आत्मा का प्रतीक है। जिसका न कोई आरंभ है, न अंत। मसा ने कहा कि गौतम स्वामी से समर्पण की प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान महावीर ने साढ़े बारह वर्षों तक मौन साधना कर आत्मचिंतन किया, उसी भावना से हमें भी उपवास कर मन को स्थिर कर आत्म निरीक्षण करना चाहिए। उपधान तप आध्यात्मिक यात्रा का वह नेशनल हाईवे है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। तीर्थपेढ़ी अध्यक्ष अशोक कुमठ ने जानकारी दी कि निर्माण लड्डू चढ़ाने हेतु चतुर्वेदी संघ ढोल-ढमाके के साथ पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचा। द्वार उद्घाटन एवं निर्माण लड्डू चढ़ाने का लाभ अहमदाबाद निवासी धर्मेंद्रभाई जैन परिवार ने प्राप्त किया। वहीं गौतम स्वामी को लड्डू अर्पण करने का लाभ उपधान तप लाभार्थी पूनमचंद-ज्ञानचंद चौरडिया परिवार ने लिया। तत्पश्चात मंदिर में सामूहिक चौत्यवंदन का आयोजन हुआ।



**एक नजर** ▶ **भाटखेड़ा गौशाला में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा संपन्न, यह हमारी प्राचीन परंपरा का उत्सव है- विधायक**

# प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर तेजी से कार्य कर रही है : परिहार

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गौ संवर्धन एवं संरक्षण के साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में 2500 गौशालाओं में 4 लाख से अधिक गौवंश का पालन किया जा रहा है।सरकार ने गौवंश के बेहतर आहार के लिए प्रति गौवंश मिलने वाली 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। यह बात नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने बुधवार को श्रीमद भागवत गौशाला भाटखेड़ा में गोवर्धन पूजा करने के बाद आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ,एसडीएम संजीव साहू, गौशाला के प्रबंधक कैलाशचंद्र अहीर, ,गौशाला संरक्षक नाथू सिंह राठौड़, भी मंचासीन थे।

मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार हमारी संस्कृति और विरासत को सहजने का कार्य कर रही है। विधायक श्री परिहार ने सभी को गोवर्धन पूजा की बधाई दी। उन्होने कहा कि गोवर्धन पूजन,सुख समृद्वि और वैभव का प्रतिक है।

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने भी अपने उद्बोधन में उपस्थित जनों को दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकांमनाए दी। उपसंचालक पशुपालन डॉ राजेश पाटीदार ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन पशु चिकित्सक डॉ राजेश पाटीदार ने किया तथा अंत में डॉ.कैलाश अहीर ने आभार माना।

प्रारंभ में विधायक परिहार एवं अतिथियों ने गौशाला के प्रवेश द्वार पर गायत्री परिवार के आचार्यों के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के साथ गोवर्धन पूजा की और गौशाला में जाकर गौ माता का पूजन- अर्चन किया। अतिथियों ने ग्रायों को ग्रास खिलाए।



विधायक ने गौ सेवा में लगे गौशाला के गौ सेवकों को अपनी और से एक-एक हजार रूपए प्रदान करने की बात कही और पुष्पहार से उनका सम्मान भी किया। गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले की सभी गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिथियों ने गौशालाओं में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन किया।

इस अवसर पर दीपक नागदा, किशोर दास बैरागी, ईश्वर सिंह, शुभम शर्मा, जितेन्द्र अहीर ,अन्य जनप्रतिनिधि,तहसीलदार संजय मालवीय यशपाल मुजाल्दा, डॉ.ए.आर.धाकड़, पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।